न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, पिड़ावा जिला झालावाड (राज.)

पीठासीन अधिकारी :— दिनेश कुमार मीणा आर.ए.एस.

प्रकरण सं0 72/2026 दायर दिनांक: 12.03.2026

उनवान

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील रायपुर जिला झालावाड

— प्रार्थी

बनाम

प्रशासक ग्राम पंचायत दीवलखेडा पंचायत समिति पिडावा तहसील रायपुर

— अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट

आदेश

दिनाक : 27.03.2026

पत्रावली पेश हुई। उभयपक्ष की सहमति बहस सुनी गई। प्रार्थी राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील रायपुर जिला झालावाड द्वारा पेश ग्राम दीवलखेडा के हाल खाता सं. 358 किता 4 रकबा 34.1919 है. की जमाबंदी सं. 2081 सेटलमेंट विभाग के मिलान क्षेत्रफल, पुराना खाता सं. 318 की जमाबंदी सं. 2074—77, हल्का पटवारी रिपोर्ट दिनांक 09.03.2026 एवं ग्राम पंचायत दीवलखेडा का स्वीकारात्मक जवाब दिनांक 20.03.2026 का अवलोकन किया गया। राजस्व रिकार्ड के अवलोकन से स्पष्ट है कि नया ख.नं. 1010 रकबा 10.5889 है. किस्म गे.मु.आबादी हाल सेटलमेंट के दौरान गत ख.नं. 956/684 रकबा 26—17 बीघा अर्थात 6.7911 है. किस्म चरागाह एवं ख.नं. 983 रकबा 21.5152 है. में से 3.5879 है. से मिलकर बनाया गया है। उभयपक्ष इस तथ्य पर सहमत है कि सेंटलमेंट के दौरान त्रुटीवश उक्त चरागाह भूमि की किस्म परिवर्तित कर गे.मु.आबादी कर दी गई जिसे दुरूस्त किया जावे। उक्त त्रुटी सहायक भू अभिलेख अधिकारी द्वारा हाल राजस्व रिकार्ड के निरीक्षण के दौरान पाया गया है। अतः उपरोक्त विवेचन एवं उभयपक्ष की सहमति के आधार पर सेंटलमेंट के दौरान ग्राम दीवलखेडा तहसील रायपुर के जमाबन्दी सं. 2081 के खाता संख्या 358 के ख.नं. 1010 में वर्तमान में दर्ज किस्म (भूमि की किस्म)

Signature Not Verified
Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2026.05.15 13:57:26 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज.)

Scanned with OKEN Scanner

(3)

को अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 निम्नलिखित रूप से शुद्ध करने के आदेश दिये जाते है –

क्रम संख्या	ग्राम / पटवार मण्डल / तहसील	खसरा संख्या	वर्तमान प्रविष्टि (अशुद्व प्रविष्टि)	आदेश (शुद्व प्रविष्टि जो राजस्व रेकार्ड में दर्ज की जानी हैं)
1	ग्राम दीवलखेडा प0म0 दीवलखेडा तहसील रायपुर	1010 रकबा 10.5889 है.	गे.मु. आबादी	चरागाह

2. परिणामस्वरूप तहसीलदार रायपुर को भेजकर लेख है कि आदेशानुसार राजस्व रेकार्ड में अमल दरामद करना सुनिश्चित करें।

27/03/2026

उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा
जिला झालावाड़

उपखण्ड अधिकारी
पिड़ावा, जिला झालावाड़ (राज०)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी पिड़ावा जिला झालावाड़

Signature Not Verified

Digitally signed by Dinesh Kumar Meena
Date: 2026.05.15 13:57:26 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner